ETHNIC & TRADITIONAL WEAR
SPECIAL EDITION

7 से 21 जुलाई, 2023
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड

Edition Prepared By
Lalit Sharma 8003596091
Satya Prakash 9828249064

## गुणवत्ता के प्रति अनूठे विश्वास का प्रतीक एथेनिक वियर ब्राण्ड

# Jugg jugg jeeyo
*Kuch apna sa...*

**मुम्बई Jugg jugg jeeyo** आज के परिप्रेक्ष्य के लिये अनेक विशेषता लिए हुए है। जब हम इस ब्राण्ड के साथ जुड़ते है तो इसके विशाल कलेक्शन का अनुभव कर पाते है। इसके कलेक्शन, स्टाइलिश एवं गुणवत्तापूर्ण होने के साथ-साथ काफी आरामदायक भी है। जैसे ही हम आपको हमारे इन कलेक्शन के बार में बताएंगे तो आप आधुनिक फैशन की ओर चल पड़ेंगे।

**उत्तम बनावट** – जुग जुग जीयो के प्रत्येक कलेक्शन को सर्वश्रेष्ठ कारीगरो द्वारा निर्मित किया गया है। जिन्हें फैब्रिक की हर बारीक तकनीको में महारथ हासिल है। इसकी जटिल बनावट एवं बारीक कारीगरी हर त्यौहार को दर्शाता है।

**आधुनिक डिजाइन्स** – आज के फैशन की बात की जाए तो हर आयु वर्ग के उपभोक्ताओं को कुछ हटकर पहनना पसन्द है जिसे हमारे ब्राण्ड की डिजाइनिंग टीम ने सहजता से उपलब्ध कराया है। इसके अनेक रंग, पेटर्न, डिजाइन्स हर अवसर विशेष के लिए उपयुक्त है।

**प्रिमियम फैब्रिक रेंज** – गुणवत्ता इस ब्राण्ड की विशेषता है जिसे हमारी टीम ने सावधानी पूर्वक जाँचा है, इसकी प्रिमियम फैब्रिक रेंज जैसे रेशम, कॉटन, लिनन, रिगल आदि का बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जा सके। हमारे यह सभी कलेक्शन फैशन पसन्द हर आयु वर्ग के उपभोक्ताओं को एक नया अहसास देते है।

**हर कार्यक्रम के लिए रेंज** – आज हर उपभोक्ता अनेक कार्यक्रम में अलग से दिखाई देना पसंद करते है, इसके लिए हमारे पास कुर्ता पजामा, शेरवानी, नेहरू जैकेट आदि उपलब्ध है। जो हर ग्राहक की आवश्यकता है। आज शादी या अनेक अवसरो पर जैसे हल्दी, मेहन्दी, फेरे, रिसेप्शन इत्यादि के लिए अनेक रेंज हमारे पास उपलब्ध है।

**बेजोड़ गुणवत्ता** – **Jugg jugg jeeyo** की गुणवत्ता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है हम हमेशा पूरा प्रयास करते है कि ग्राहक को गुणवत्तापूर्ण फैब्रिक उपलब्ध कराए और इसकी उत्कृष्ट क्वालिटी की गारंटी देते है।

पूछताछ और अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट पर जाएँ -

www.juggjuggjeeyo.com info@juggjuggjeeyo.com +91 70586 75320





From The house of
Qmax WORLD
SUNIL TIBREWAL GROUP COMPANY

Jugg jugg jeeyo
Kuch apna sa...

For inquiries and more information, please visit our website at:

www.juggjuggjeeyo.com
info@juggjuggjeeyo.com
+91 70586 75320

# मेन्स एथनिक फैब्रिक्स में वाइडेस्ट रेंज प्रदाता ब्राण्ड

## लेटेस्ट एवं स्टाइलिश फैशन फैब्रिक्स में फाइनेस्ट कलेक्शन के लिए मशहूर

afw
Make you Perfect

**अहमदाबाद/** लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुरूप टेरीवूल, कॉटन शर्टिंग्स, प्रीमियम टीआर एवं फैंसी सूटिंग्स के उत्पादन में अग्रणी कंपनी 'अश्वमेघ फैशन वर्ल्ड' विगत 25 वर्षों से मेन्स फैशन इण्डस्ट्री के लिए फैशनेबल एवं स्टाइलिश फैब्रिक्स में वाइडेस्ट रेंज उपलब्ध करा रही है। क्वालिटी, इनोवेशन एवं नये निर्माण में सिद्धहस्त यह कंपनी बाजार में अपनी अद्वितीय फैब्रिक रेंज के कारण हमेशा चर्चा में रहती है।


अंतर्राष्ट्रीय फैशन ट्रेंड्स का अनुसरण करते हुए 'अश्वमेघ फैशन वर्ल्ड' टेक्सटाइल सेक्टर में हो रहे बदलावों को समझ कर न्यू क्वालिटी डवलपमेण्ट एवं इनोवेशन करने में माहिर कंपनी है। फैशन इंडस्ट्री में नई तरह के फैशन फैब्रिक्स से परिचय करवा रही यह कंपनी मेंस वीयर सेगमेंट में **AFW** ब्राण्डनेम से फाइनेस्ट टेरीवूल एवं टीआर सूटिंग्स सहित मेन्स एथनिक फैब्रिक्स का भी बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है, वहीं **Valory** ब्राण्डनेम से लग्जरी प्रीमियम गीजा कॉटन शर्टिंग का उत्पादन कर रही है। मेन्स फैशन फैब्रिक्स में सैकड़ों कलर्स में हजारों डिजाइन्स का विशाल संग्रह कंपनी की सबसे बड़ी खूबी है। अश्वमेघ ग्रुप की फर्म अश्वमेघ प्राइम फैशन द्वारा विश्व प्रसिद्ध प्रीमियम सुपीमा कॉटन शर्टिंग ब्राण्ड **Luthai** का काम किया जा रहा है, जिसके तहत सालों से यह फर्म टॉप सेल के अवॉर्ड से नवाजी जा रही है।

Luthai
THE WORLD'S NO.1 FABRICS

valory
be bold be confident

## वर्ल्ड क्लास फैशन फैब्रिक्स

**AFW** का फैशन फैब्रिक्स हर तरीके के मेन्स आउटफिट्स के लिए उपयोगी एवं सर्वोत्तम है। मेन्स सूट, केजुअल, फॉर्मल वैडिंग एवं पार्टी वीयर परिधानों के लिए विश्वस्तरीय टेरीवूल एवं प्रीमियम टीआर सूटिंग्स में विस्तृत रेंज के साथ शेरवानी, जेकेट्स, इंडो वेस्टर्न एवं कुर्ते पायजामे के लिए एथनिक फैब्रिक्स में विशाल रेंज मेन्टेन करती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंपनी द्वारा सूटिंग्स में 200-250 आकर्षक क्वालिटीज़ में प्लेन एवं रेगुलर वैरायटीज में 10-130 कलर्स के चार्ट तैयार किये जाते हैं। 60 से अधिक क्वालिटीज में 1000 से अधिक डिजाइंस का नियमित स्टॉक मेन्टेन किया जाता है। इसी तरह इंपोर्टेड टीआर सूटिंग्स एवं पोलीवूल सूटिंग्स में असाधारण रेंज की उपलब्धता ही अश्वमेघ फैशन वर्ल्ड को फैशन का नया डेस्टिनेशन साबित करती है। जहां सूटिंग्स में कंपनी के पास डिजाइंस की विशालता है, वहीं शर्टिंग में भी कंपनी के **Valory** ब्राण्ड का जलवा बाजार में कायम होता जा रहा है। इसके फाइनेस्ट कॉटन शर्टिंग्स में प्रिण्ट, प्लेन, चैक्स एवं स्ट्राइप्स डिजाइंस की चहुँओर चर्चा है। कंपनी द्वारा निर्मित सभी रेंज 'नेवर आउट ऑफ स्टॉक' होती हैं।



## एथनिक फैब्रिक्स में नये एवं फ्रेश कलेक्शन लॉञ्च

कंपनी आगामी फेस्टिव एवं विंटर सीजन की तैयारी कर चुकी है। जहां इंपोर्टेड टीआर सूटिंग्स में एकदम फ्रेश नये कलर्स एवं डिजाइंस का समावेश किया गया है, इसी प्रकार एथनिक फैब्रिक्स में भी कंपनी ने लंबी रेंज विकसित की है। वेडिंग परिधानों के लिए कंपनी ने कोट-पेंट, शेरवानी, जोधपुरी सूट, वेस्ट कोट, इण्डोवेस्टर्न, कुर्ता पायजामा, जेकेट्स एवं अन्य मेन्स वीयर परिधानों के लिए हजारों की संख्या में नए पैटर्न बाजार में उपलब्ध कराये हैं, वहीं टेरीवूल सूटिंग में असाधारण क्वालिटीज पेश की है। एथनिक वीयर के लिए कंपनी ने नये कैटलॉग भी तैयार किए हैं जिसमें शेरवानी, जैकेट्स, कुर्ता-पायजामा, मेन्स सूट, इण्डो वेस्टर्न परिधानों के लिए नवीनतम फैब्रिक कलेक्शन का आकर्षक प्रस्तुतिकरण किया गया है। कंपनी 1100 से अधिक रिटेलर्स एवं 50 से अधिक डीलर्स के नेटवर्क के जरिए देश भर में अपनी बेहतरीन फैब्रिक रेंज उपलब्ध करा रही है।




## WORLD CLASS FASHION FABRICS

**SUITING FABRIC**
- Wool Suiting
- Lycra Suiting
- T.R. Suiting
- Plain Nos (60 Item)
- Dobby Structure Suiting
- Jacquard Suiting

**SHIRTING FABRIC**
- Yarn Dyed Shirting
- Print Shirting
- Jacquard Shirting
- Plain Shirting
- Premium Shirting


**ETHNIC FABRIC**
- Kurta Fabric
- Sherwani Fabric
- Indo Western Fabric
- Kotty West Coat Fabric
- Suit Fabric
- Embroidery Fabric
- Jacquard Fabric

Agents & Dealers Inquiry Invited All Over India

# ASHWAMEGH FASHION WORLD


Sumel Business Park-9, C-Block, 5th Floor, Dudheshwar BRTS Road, Shahibaug, Ahmedabad-380004
079-48481293 | +91 89050 27093 | bsshah71@gmail.com | http://ashwameghfashion.com

ASHWAMEGH_FASHION_WORLD_


ÀBSOLŪTO™
FINER SIDE OF FASHION
MOST ADMIRED FASHION FABRIC BRAND OF INDIA
SCAN FOR WEBSITE
ÀLACARTE
ORIGIN OF LUXURY
ÀBSOLŪTO™
FINER SIDE OF FASHION
ÀBSOLŪTO™
ELITE

# शर्टिंग एवं कुर्ते की विस्तृत रेंज की जबरदस्त डिमांड यशवी क्रिएशन

मुंबई/ आज मुंबई फैशन जगत के लिए जाना जाता है। शर्टिंग फैब्रिक, एथनिक एवं कुर्ते की रेंज डिमांड के साथ सप्लाई की जा रही है। अनेक उत्पादनकर्ता अपने ब्राण्डनेम से बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं, जो काबिले तारीफ है। इसी कड़ी में 58'' शर्टिंग एवं कुर्ते फैब्रिक में यशवी क्रिएशन इनोवेशन का दूसरा नाम है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री संजय मेठानी ने इसकी स्थापना कर क्वालिटी एवं इनोवेशन से अपने ब्राण्ड ''नेचुरल लिनन'' को भारत






की तमाम मण्डियों में पहुंचा रहे हैं। श्री मेठानी ने बताया कि आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए हमारे द्वारा 58'' शर्टिंग फैब्रिक एवं कुर्ते की रेंज में बहुत अच्छा डवलपमेंट पेश कर रहे हैं। 58'' शर्टिंग फैब्रिक में कॉटन, प्लेन, पीस डाइड, प्रिण्ट, विस्कोस आदि क्वालिटियों में 25 से 30 कलर चार्ट हमेशा उपलब्ध रहते हैं। इसके अलावा कुर्ते फैब्रिक में टॉप डाइड, पीस डाइड व फैंसी धागों से निर्मित फैब्रिक, प्रिण्ट, वैल्यू एडिशन, विस्कोस, लाइक्रा की विस्तृत रेंज की डिमांड बनी हुई है और आने वाले पूजा एवं दशहरा सीजन के लिए नया डवलपमेंट बाजार में पेश करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।

### बड़े गारमेंट निर्माताओं को सप्लाई

श्री मेठानी ने बताया कि आज हमारे शर्टिंग फैब्रिक एवं कुर्ते की रेंज बड़े-बड़े गारमेण्ट निर्माताओं को सप्लाई की जा रही है और आज के इस दौर में वैल्यू एडिशन का क्रेज निरंतर बढ़ता जा रहा है। हर त्यौहार एवं शादी समारोह पर कुर्ते पर ज्यादा फोकस होने से मार्केट में इसकी निरंतर डिमांड बनी हुई है।

### वैल्यू एडिशन पर फोकस

आज हमारे द्वारा हर प्रकार की फैब्रिक रेंज तैयार की जाती है। कुर्ते की हमारे पास हमेशा डिमांड बनी रहती है। कुर्ते की रेंज में टॉप डाइड, पीस डांइग व फैन्सी धागों से निर्मित फैब्रिक, प्रिण्ट, वैल्यू एडिशन व विस्कोस की विस्तृत रेंज तैयार की जा रही है। इस रेंज को देखकर हमारे सभी व्यापारी काफी खुश हैं।

# शर्टिंग एवं कुर्ता फैब्रिक में उभरता ब्राण्ड MAYPRE

मुंबई/ आज के परिप्रेक्ष्य में कुर्ता फैब्रिक का चलन काफी बढ़ चुका है। आज हर त्यौहार एवं वैवाहिक मौकों पर एथनिक एवं कुर्ते के डिजाइनिंग एवं कलर्स की चर्चा बनी रहती है। इसी कड़ी में शर्टिंग एवं कुर्ता फैब्रिक में MAYPRE ब्राण्ड निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है।


MAYPRE ब्राण्ड की उत्पादक कंपनी महावीर टेक्सटाइल की स्थापना वर्ष 1985 में की गई। कंपनी के संस्थापक श्री कुमारपाल जैन के अथक प्रयास एवं उनकी मेहनत का परिणाम है कि आज यह ब्राण्ड भारत की तमाम मंडियों में अपनी पहचान बना चुका है।

श्री कुमारपाल जैन ने बताया कि हमारे द्वारा फैंसी शर्टिंग, व्हाइट सूटिंग एवं कुर्ता फैब्रिक का बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। आज उनके युवा सुपुत्र श्री करण जैन अपने पिताश्री के साथ मिलकर अपने ब्राण्ड को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। श्री करण जैन ने बताया कि हमारे द्वारा 36'' एवं 58'' शर्टिंग फैब्रिक में प्लेन, चैक्स, डोबीज, प्रिंट, पट्टा की डिजाइनों में अनेक कलर चार्ट तैयार कर ऑल इंडिया की मंडियों में बड़े पैमाने पर सप्लाई किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में कुर्ता फैब्रिक का चलन काफी बढ़ चुका है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमारे द्वारा कुर्ता फैब्रिक में काफी डवलपमेंट कर उनके कलर चार्ट व्यापारियों को भेजे जा रहे हैं। कुर्ता फैब्रिक के अंतर्गत प्लेन, डोबीज, बूटा, फैंसी की क्वालिटियों में निरंतर डवलपमेंट किया जा रहा है। इसके अलावा कम्पनी व्हाइट सूटिंग रेंज भी अनेक क्वालिटी उपलब्ध कराती है।




**क्वालिटी फैब्रिक देना मूल उद्देश्य...** श्री जैन ने बताया कि हमारे द्वारा शर्टिंग एवं कुर्ता फैब्रिक की सभी क्वालिटियों की फील एवं फिनिश पर पूरा फोकस किया जाता है। हमारी टीम कपड़े की क्वालिटी का विशेष ध्यान रखते हुए उसे समय पर डिलिवरी देना ही प्राथमिकता रहती है।




## डिजाइनर कुर्ता पायजामा एवं एथनिक वीयर में प्रसिद्ध

# सिल्क इंडिया


मुंबई/ डिजाइनर कुर्ता एवं एथनिक वीयर का विख्यात ब्राण्ड सिल्क इंडिया आज भारत की तमाम मंडियों में छा चुका है।

हमेशा नए डवलपमेंट एवं इनोवेटिव डिजाइन के लिए प्रसिद्ध इस ब्राण्ड ने उपभोक्ताओं की चाह पर खरा उतरते हुए डिजाइनर एथनिक वीयर, कुर्ता पायजामा की विशाल रेंज हर समय रेडी स्टॉक में रहती है। आज के इस युग में हर वर्ग चाहे शादी हो या कोई त्यौहार हो, कुर्ते पायजामा को ही पहनना पसंद करता है। आज फैशन पसंद युवाओं की पहली पसंद बनता जा रहा है कुर्ता पायजामा।

इस सीजन हेतु अनेक लेटेस्ट एथनिक वीयर कलेक्शन पेश किए गए हैं तथा अपने व्यापारियों के लिए वैल्यू फॉर मनी प्रोडक्ट मार्केट में उपलब्ध करा रहे हैं। विदित है कि सिल्क इण्डिया कुर्ते पायजामे के सभी उत्पाद इन हाउस अत्याधुनिक मशीनों पर उत्पादित करते हैं। कम्पनी के पास एक मजबूत टीम कार्य करती है जो रोजाना 3000 कुर्ते पायजामे का प्रॉडक्शन करती है जिसमें 100 से 120 कलर रेंज में अनेक वैरायटियाँ उपलब्ध हैं। इनकी क्वालिटी, फिनिशिंग तथा स्टिचिंग में किसी भी ब्राण्ड का मुकाबला नहीं है।

### सिल्क इंडिया के नेटवर्क में वृद्धि

श्री मखारिया ने बताया कि देशभर से मिल रहे जबरदस्त समर्थन को ध्यान में रखते हुए हम देशभर में ऑफिस खोलने की योजना पर कार्य कर रहे हैं। कई जगह जैसे दादर, मुंबई, बंगलुरु, लखनऊ, चंडीगढ़, दिल्ली व कटनी में सिल्क इंडिया के ऑफिस की स्थापना हो चुकी है। अब हम हैदराबाद, कटक, बनारस में ऑफिस खोलने के लिये योजनारत हैं। इन सभी ऑफिस पर हमारे उत्पादों के सैंपल सेट तथा रेडी स्टॉक मिलेगा। जिसे भी इन उत्पादों की बुकिंग करानी हो वह यहां से ऑर्डर दे सकता है। इसके अलावा पूरे इंडिया में छह फैक्ट्री आउटलेट खोलने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा 20 से 25 शॉप इन शॉप चालू हैं जिसमें रिटेलर्स को माल बेचना है। अगर कुछ माल बच जाता है तो वह हमें रिटर्न कर सकता है यानि रिटेलर्स को हम फायदा ही फायदा दे रहे हैं। शॉप इन शॉप में माल की क्वालिटी, प्राइस एवं गुणवत्ता बहुत मायने रखती है, जिसके लिए हम हमेशा रिटेलर के साथ खड़े हैं। इस वर्ष 100 से अधिक शॉप इन शॉप चालू करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।


Ethnair
The tradition of India
FROM THE HOUSE OF
Siyaram's
Available at all leading retail outlets across the country. For trade / corporate enquiries , contact : 76780 03239

STAR EXPORT HOUSE RECOGNISED BY GOVT. OF INDIA

GOVT. RECOGNIZED STAR EXPORT HOUSE

NFL GROUP

NITESH FASHION PVT LTD

AN ISO 9001:2015 CERTIFIED COMPANY

MENS FABRIC DIVISON:


134/140 Govardhan Niketan, Cavel Street, Ground Floor, Kalbadevi Road, Behind Swadeshi Market, Mumbai-400002
Mob:- 9323728040 (Nitesh Kothari)

201, Jay Gopal Industrial Estate, 2nd Floor, Baburao Parulekar Road, Dadar(W), Mumbai-400028
Mob:-9892557273(Bhavesh Kothari) Email:- sajjubynfl@gmail.com

NFL GROUP







- Fancy Plain Fabrics
- Kurta Fabrics
- Ethnic Wear Fabrics
- Poly Cotton Fabrics
- Customised Poly Cotton Checks
- Checks , Stripes , Fancy Fabrics
- Exporters of Fabric and garments



*My clients can choose their own colours and fabrics to have something unique in their wardrobes.*

## NITESH FASHION PVT LTD

*Manufacturers of fabric for Party Wear Shirts, Kurtas & Kids Wear*

**Fabric Division**

104, Royal Avenue Tower, 1st Floor, Junction Of Dr. Viegas Street & Cavel Cross Lane, Kalbadevi Road, Mumbai-400 002
Tel: +91 22 22036905 / 40026905, Mob: +91 9323728040, Email: nitesh@nftgroup.co.in

**Ladies Western Wear & Kurti Studio**

201, Jay Gopal Industrial Estate, 2nd Floor, Baburao Parulekar Road, Babasaheb Ambedkar Nagar, Dadar, Mumbai -400 028
Mob: +91 9323180023 / 91 9892557273, Email: bhavesh.nft@gmail.com

# फैंसी शर्टिंग के साथ-साथ एथनिक वीयर में रखा कदम मुकुटमणी

## ऑल इंडिया में नेटवर्क स्थापित करने की आक्रामक योजना



**मुंबई/** फैंसी शर्टिंग में विख्यात ब्राण्ड मुकुटमणी आज भारत की तमाम मण्डियों में अपने पांव पसार चुका है। शुरुआत के दौर से ही क्वालिटी एवं गुणवत्ता में अग्रणी यह ब्राण्ड हर सीजन के अंतर्गत अपने उत्पादों में नया डवलपमेंट पेश करने में अग्रणी रहा है। विदित रहे कि वर्ष 1990 में स्थापित इस कंपनी के डायरेक्टर श्री जयचंद्र जैन ने बताया कि हम आज भी गुणवत्ता के दम पर अपनी पहचान बनाए हुए हैं। हमारे उत्पादों की श्रंखला में सूटिंग-शर्टिंग, यूनिफॉर्म का बड़े पैमाने पर कार्य किया जाता है। इसके अंतर्गत 36'' एवं 58'' शर्टिंग की विस्तृत रेंज में प्लेन, फैंसी, चैक्स, डोबीज, कुर्ता फैब्रिक की बहुत बड़ी रेंज हर समय हमारे पास उपलब्ध रहती है। न्यू डवलपमेंट के तहत सोबर टेस्ट, स्ट्राइप्स की डिजाइनों ने व्यापारियों को खूब आकर्षित किया है। धीरे-धीरे आज के चलन को ध्यान में रखते हुए एथनिक वियर एवं कुर्ता फैब्रिक में कदम बढ़ाते हुए एथनिक कलेक्शन की विस्तृत रेंज पेश की है।

श्री जैन ने बताया कि आज एथनिक एवं कुर्ता में बहुत ज्यादा चलन बढ़ा है। आज हर शुभ अवसर पर एथनिक व कुर्ता को अपनाया जाने लगा है। हमारे द्वारा इस ओर कदम बढ़ाते हुए इस नए कलेक्शन को लॉन्च किया गया है। एथनिक कलेक्शन में वैवाहिक समारोह या अन्य विशेष आयोजनों पर इस कलेक्शन के वस्त्र की श्रृंखला को पेश किया गया है जिसमें कॉटन, लिनन, एंब्रॉयडरी, चिकन वर्क, जेकार्ड, शिफली का बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जा रहा है। इन सभी फैब्रिक की क्वालिटी एवं गुणवत्ता को देखकर हमारे व्यापारियों ने जमकर सराहा। इस कलेक्शन के लिए हमारे द्वारा नई कैटलॉग भी पेश की गई है जिसे देखकर व्यापारियों द्वारा ऑर्डर्स दिए जा रहे हैं। एथेनिक कलेक्शन के अंतर्गत बंद गला, सूट, शेरवानी, ब्लेजर, इंडोवेस्टर्न के कलेक्शन हमारे पास उपलब्ध है।

**क्वालिटी एवं गुणवत्तापूर्ण फैब्रिक...** श्री जैन ने बताया कि शुरुआत से ही हमारे द्वारा क्वालिटी पर फोकस किया जा रहा है। हमारी उच्चस्तरीय टीम इस पर संपूर्ण देखरेख करते हुए मार्केट में गुणवत्तापूर्ण क्वालिटी को पहुंचाने में समर्थ है। आज हमारे द्वारा एथनिक कलेक्शन पर हर बारीक से बारीक चीजों पर ध्यान दिया जा रहा है जो हमारे फैब्रिक की सुंदरता को और भी ज्यादा बढ़ावा देती है।




# रमेश शर्टिंग की 9वीं रिटेल कॉन्फ्रेंस सिलीगुड़ी में

मुंबई/ फैंसी शर्टिंग में प्रख्यात ब्राण्ड रमेश शर्टिंग द्वारा इस वर्ष शर्टिंग फैब्रिक, कुर्ता तथा रेडीमेड शर्टिंग इनमें अनेक डवलपमेंट पेश किए हैं। कंपनी के डायरेक्टर श्री रमेश गाड़ोदिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे द्वारा 8 से 11 अगस्त 2023 को 2 रात 3 दिन के लिए भव्य रिटेल कॉन्फ्रेंस सिलीगुड़ी के माई फेयर रिसोर्ट में आयोजित करने जा रहे हैं। इस कॉन्फ्रेंस में हमारे द्वारा आगामी सीजन हेतु डवलप की गई नई रेंज को पेश किया जाएगा। जिसमें रमेश शर्टिंग एवं रेडीमेड शर्ट ब्राण्ड मोन्टेरो की विस्तृत रेंज का भव्य डिस्प्ले किया जाएगा। इस भव्य रिटेल कॉन्फ्रेंस में फैंसी शर्टिंग में प्लेन, चैक्स, कॉटन, गीजा कॉटन, डोबीज़, लिनन के साथ-साथ रेडीमेड शर्ट की विस्तृत रेंज को रिटेलर के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान व्यापारियों को सिलीगुड़ी के आसपास के साइट सीन का भ्रमण भी कराया जाएगा।







# नवसारी कॉटन ने पेश की आगामी सीजन हेतु विस्तृत रेंज

## गारमेण्ट मैन्यूफेक्चरर्स के लिए नया ब्राण्ड "लावेस" लॉञ्च

मुंबई/ किंग ऑफ कुर्ता फैब्रिक्स के नाम से मशहूर कम्पनी नवसारी कॉटन मिल्स द्वारा आगामी सीजन हेतु काफी नए डवलपमेंट पेश किए जा रहे हैं। कंपनी निरंतर अपने व्यापारियों को कुछ अलग हटकर फैब्रिक उपलब्ध कराने में माहिर है।

कम्पनी ने हमेशा अपने व्यापारियों को नयापन दिया है, इसलिए कम्पनी आज अपनी आक्रामक मार्केटिंग रणनीति के लिए जानी जाती है। कम्पनी के डायरेक्टर्स श्री सुभाष जैन, श्री शांतिलाल जैन तथा श्री अशोक जैन ने हमेशा अपने ग्राहक के साथ-साथ फैब्रिक रेंज पर फोकस किया है। उन्होंने अपनी दूरगामी सूझबूझ के साथ अपने ब्राण्ड को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज कम्पनी के साथ नई जनरेशन कार्य कर रही है, जो नित नए डवलपमेंट के साथ-साथ हर सीजन के लिए उम्दा फैब्रिक का निर्माण करते हैं। नई जनरेशन में श्री दिशान्त जैन से विस्तृत चर्चा में उन्होंने बताया "कम्पनी आज कुर्ता फैब्रिक में किंग ऑफ कुर्ते के नाम से मशहूर है। हमारी रेंज काफी विस्तृत एवं डिजाइन पैटर्न काफी मशहूर है। इसी की बदौलत हम आज भारत की तमाम मंडियों में अपने उत्पादों को पहुंचाने में सफल हो पाए हैं।"



### नवसारी कॉटन द्वारा मेन्स एथनिक वीयर में 'बी देशी' ब्राण्ड लॉञ्च

श्री दिशांत जैन ने बताया कि आज नवसारी कॉटन कुर्ता फैब्रिक के लिए भारत की तमाम मण्डियों से अपनी पैठ जमा चुका है। महज 6 माह पूर्व कम्पनी द्वारा एम्ब्रॉयडरी, चिकन वर्क, कॉटन खादी, प्रिण्टेड कुर्ता, कॉटन लॉन क्वालिटीयों में रेडीमेड कुर्ते की रेंज भारत की तमाम मंडियों में सप्लाई किया जा रहा है। रेडीमेड कुर्ता की रेंज में विभिन्न कलर्स तैयार किए गए हैं। जिसे ऑल इंडिया में अलग-अलग डिस्ट्रीब्यूटर के माध्यम से सप्लाई किया जा रहा है। विदित रहे कि आज मेंस एथनिक वीयर में बाजार में ट्रेंड काफी बढ़ चुका है। हर आयोजन को ध्यान में रखते हुए कंपनी के पास अनेक वैरायटी, कलर रेंज तथा डिजाइनें उपलब्ध है। महज 6 माह में कंपनी के इस 'बी देशी' ब्राण्ड को उत्तरप्रदेश की मंडियों से बहुत रिस्पॉन्स मिल रहा है। कंपनी के पास हमेशा रेडी स्टॉक रखा रहता है क्योंकि कंपनी के सभी उत्पाद इन हाउस उत्पादित किए जा रहे हैं।

### फैशन के अनुरूप नए कलेक्शन

श्री जैन ने कहा नवसारी कॉटन ने हमेशा हर आयु वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए फैब्रिक कलेक्शन तैयार किया है। समय-समय पर अपने व्यापारियों के लिए कॉन्फ्रेंस का आयोजन भी किया जाता है, साथ ही व्यापारियों को गुणवत्तापूर्ण फैब्रिक उपलब्ध कराने में हमेशा आगे रहे हैं। कम्पनी द्वारा कुर्ता फैब्रिक में एम्ब्रॉयडरी, चिकन वर्क में 100 नई रेंज, सिल्की, मल्टी, एम्ब्रॉयडरी विथ प्रिण्ट की मार्केट में अच्छी डिमाण्ड बनी हुई है। दीपावली एवं विंटर सीजन को ध्यान में रखते हुए खादी की सूटिंग, कॉटन, लिनन सूटिंग पर काफी फोकस किया जा रहा है।


### ब्राण्ड 'लावेस' लॉञ्च

कम्पनी द्वारा हाल ही गारमेण्ट मैन्यूफैक्चर्स को टारगेट करते हुए अपने नये ब्राण्ड "लावेस" को लॉञ्च किया गया, जिसे अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

### आगामी सीजन के लिए कॉन्फ्रेंस की तैयारी

श्री जैन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंपनी ने कॉन्फ्रेंस की तैयारियाँ शुरू कर दी है। व्यापारियों से मिल रहे भरपूर समर्थन को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने कॉन्फ्रेंस के लिए काफी नए डवलपमेंट भी पेश किए हैं, जिन्हें कॉफ्रेंस के दौरान डिस्प्ले किया जाएगा।






## मेन्स फैशन इंडस्ट्री का बदलता चेहरा

# एथनिक एवं ट्रेडिशनल वीयर का स्वर्णिम दौर



**मेन्स** फैशन इंडस्ट्री में इन दिनों एथनिक वीयर के प्रति जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। मेन्स वीयर, वूमंस वीयर हो या फिर किड्स वियर सभी सेगमेंट में जैसे एथनिक एवं ट्रेडिशनल वियर्स के स्वर्णिम दौर का शुभारंभ हो चुका है। स्टोर लाइन मार्केट से लेकर रेडीमेड गारमेंट सेक्टर के बड़े छोटे स्टोर्स पर एथनिक वीयर में भरपूर रेंज देखी जा सकती है। इंडियन वेडिंग्स में एथनिक वियर्स की मांग बढ़ने से एथनिक फैब्रिक्स की मांग में भी भारी इजाफा हो रहा है। जिसके चलते मेन्स फैशन इंडस्ट्री में कार्यरत बड़े से बड़े ब्राण्ड आज एथनिक एवं वेस्टर्न वीयर परिधानों के लिए जेकॉर्ड, डिजिटल प्रिंट्स, एम्ब्रॉयडरी एवं वैल्यू एडेड फैब्रिक्स में जमकर नये डवलपमेंट्स कर रहे हैं। मुंबई, अहमदाबाद, सूरत, भीलवाड़ा, इचलकरंजी आदि उत्पादक मंडियों की प्रॉडक्शन लाइन में एथनिक की ही चर्चा है। लेकिन नए डिजाइन एवं इनोवेशन की ऐसी बहार आई है कि पूरे भारत में एथनिक वीयर के प्रति एक समान क्रेज देखा जा रहा है।

### वेडिंग एवं पार्टी वीयर में एथनिक तथा ट्रेडिशनल परिधानों का जबरदस्त क्रेज

एथनिक वीयर का दायरा इंटरनेशनल लेवल पर फैल चुका है। हम वैश्विक स्तर की बात करें तो आज भारतीय हर देश में बसे हुए हैं, जिसकी वजह से भारतीय पोशाक का शानदार लुक सबको भाने लगा है। इंडियन वेडिंग्स में कुर्ता पायजामा, शेरवानी, जैकेट्स, इंडोवेस्टर्न, टैक्सिडो जैसे परिधान फैशन का पर्याय बन चुके हैं। ऐसे में घरेलू कपड़ा निर्माताओं के लिए एथनिक एवं ट्रेडिशनल वियर का यह समय किसी स्वर्णिम दौर से कम नहीं आका जा सकता है। विगत कुछ सालों के परिदृश्य पर चर्चा करें तो सूटिंग शर्टिंग की बिक्री में प्रतिवर्ष गिरावट दर्ज की जा रही है। अब एथनिक के प्रचलन में आने से फैब्रिक निर्माताओं के लिए एथनिक मेन्स फैशन में नया सेगमेंट तैयार हुआ है, जिससे बाजार में उत्साह का संचार हुआ है। ट्रेडिशनल वियर के फैशन में आने से विश्व में एक बार फिर भारतीय संस्कृति का परचम बुलंद हुआ है। कुर्ता पायजामा, शेरवानी, जैकेट्स जैसे परिधान भारतीय फैशन परंपरा में सालों से हैं और अब एथनिक वीयर का क्रेज बढ़ने से मेन्स फैशन इंडस्ट्री से जुड़े भारतीय कपड़ा व्यवसायियों के लिए आगामी वर्षों में इस सेगमेंट में अच्छे व्यवसाय की उम्मीद है।

### एथनिक वीयर फैब्रिक वैरायटीज

मेन्स फैशन में एथनिक वीयर की बात करें तो कुर्ता पायजामा, शेरवानी, जैकेट, ब्लेजर जैसे परिधान ज्यादा पॉपुलर है। इनके अलावा वेस्टर्न आउटफिट्स, इंडोवेस्टर्न, टैक्सिडो, ब्लेजर, लॉन्ग जैकेट्स आदि परिधान फैशन को नए रूप में परिभाषित कर रहे हैं। इन परिधानों को बनाने के लिए जिस फैब्रिक का उपयोग हो रहा है, उसी को एथनिक एवं ट्रेडिशनल वियर फैब्रिक की संज्ञा दी जा रही है। अब इन परिधानों के लिए जिस तरह की वैल्यू ऐडेड फैब्रिक की रचना भारतीय फैब्रिक निर्माताओं ने की है, काबिले तारीफ है। जेकार्ड, एंब्रॉयडरी, डिजिटल प्रिंट, वेलवेट, एंबोज, चिकन, एम्ब्रॉयडरी सहित आकर्षक फैंसी फैब्रिक्स में आकर्षक डिजाइंस का उत्पादन भारतीय टेक्सटाइल इंडस्ट्री द्वारा की जा रही है। जिसमें मुंबई, सूरत, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, इचलकरंजी आदि मंडियों के फैब्रिक निर्माताओं द्वारा एथनिक फैब्रिक में शानदार डिजाइनर फैब्रिक्स तैयार किया जा रहा है। एथनिक वियर की रिटेल बाजार में बिक्री को लेकर हमने कुछ प्रतिष्ठित रिटेलर्स से बात की है जो इस प्रकार है।

**कंटेंट: सत्यप्रकाश, भीलवाड़ा**

### मेन्स फैशन में एथनिक वीयर की जबरदस्त मांग -श्री सुरेश कुमार जैन



**जयपुर**/ ''मेन्स फैशन सेगमेंट में एथनिक वीयर का इतना जबरदस्त क्रेज है कि हर फैशन स्टोर पर ज्यादातर फैंसी एवं वैल्यू ऐडेड फैब्रिक्स की मांग देखी जा रही है। कुर्ता पायजामा, शेरवानी, ब्लेजर, जैकेट्स, इंडोवेस्टर्न, सूट आदि परिधानों के प्रचलन में आने से एथनिक फैब्रिक्स की हमारे स्टोर पर जबरदस्त मांग है।'' ये विचार व्यक्त करते हुए जयपुर के प्रसिद्ध कपड़ा व्यापारी श्री सुरेश कुमार जैन (फर्म - बाबूलाल सुरेश कुमार जैन) ने बताया कि बाजार में एथनिक वीयर की डिमाण्ड बढ़ने से सूटिंग की सेल बुरी तरह प्रभावित हुई है। शादी विवाह से लेकर हर तीज त्यौहार पर अब लोग एथनिक एवं ट्रेडिशनल परिधानों को पहनना पसंद करने लगे हैं। खासतौर से शादी समारोह में एथनिक परिधानों का ऐसा प्रचलन है कि पूरे परिवार के लोग एक ही तरह के कपड़े बनाने लगे हैं। हल्दी एवं मेहंदी की रस्मों में अब कुर्ता पायजामा ही पसंद किया जा रहा है। इसके अलावा किसी पार्टी या इवेंट में आज का युवा ब्लेजर, जैकेट्स, टैक्सिडो और वेस्टर्न आउटफिट्स को पसंद करने लगा है। जिसके कारण एथनिक वीयर फैब्रिक बिक्री में काफी इजाफा हुआ है। श्री जैन ने कहा कि लगभग सभी मिलें अपने-अपने एथनिक ब्राण्ड लॉन्च कर चुकी है। हम अपने स्टोर पर ब्राण्डेड एथनिक फैब्रिक्स में भरपूर रेंज उपलब्ध करा रहे हैं। इसके अलावा सूरत से हम स्वयं का कपड़ा भी बनवा रहे हैं। आकर्षक डिजाइंस एवं कलर्स में विस्तृत वैरायटी संस्थान पर उपलब्ध है। एथनिक वीयर आमतौर पर किसी खास अवसर पर ही पहने जाते हैं, इसलिए इनकी क्वालिटी एवं डिजाइनिंग उम्दा एवं आकर्षक होना बहुत जरूरी है। इसलिए जिसका डवलपमेंट ज्यादा अच्छा एवं नियमित होगा वही लंबा चलेगा।

### एथनिक वीयर का बढ़ता क्रेज -श्री किशोर सिरवानी



**सिकंदराबाद**/ आजकल बाजार में एथनिक वीयर का चलन दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। हर आयोजन विशेष एवं विवाह समारोह में हर जनरेशन के व्यक्तियों द्वारा कुर्ता पायजामा पहनने का चलन बहुत बढ़ गया है। विवाह समारोह के हर विशेष कार्यक्रम में जैसे मेहंदी, हल्दी, फेरों आदि के अंतर्गत कलर विशेष को ध्यान में रखते हुए वस्त्र पहनना पसंद करते हैं। एथनिक वीयर एवं कुर्ता पजामा के अलावा इंडोवेस्टर्न, बंडी, शेरवानी, सूट के चलन को ध्यान में रखते हुए हमने एथनिक वीयर पर फोकस किया और इसका बड़े स्तर पर शोरूम खोला गया। दिनों दिन बाजार में इसकी डिमांड बढ़ती जा रही है। पहले टेरीवूल कपड़े का चलन काफी था। लेकिन धीरे-धीरे वो अब कम होने लगा क्योंकि बाजार में अलग-अलग डिजाइनो, एंब्रॉयडरी, जैकॉर्ड, चिकन वर्क आदि में एथनिक वीयर उपलब्ध है, जो आज के फैशन के अनुरूप है। ऐसा प्रतीत होता है कि एथनिक वीयर एवं कुर्ता फैब्रिक का भविष्य बहुत अच्छा है।

### वैवाहिक सीजन में एथनिक वीयर की अच्छी डिमांड -श्री परीन बथिया



**मुंबई**/ एन जी एंड सन्स, मुंबई के डायरेक्टर श्री परीन बथिया ने बताया कि एथनिक वीयर की डिमांड हमेशा वैवाहिक सीजन में अधिक रहती है। बदलते ट्रेंड की साथ हर वर्ग की चॉइस भी अलग हो गई हैं। इस सीजन में एथनिक वीयर फैब्रिक की डिमांड दिवाली के बाद ही नजर आने की संभावना है। ट्रेंड में सोबर एवं फैंसी कलर्स की मांग रेगुलर बेस में रहती है। परंतु इस फैब्रिक में ग्राहक हमेशा कुछ अलग पहनावे को पसंद करता है।

### एथनिक परिधान में ग्राहक की पसंद उच्च कोटि की -श्री सुनील राठी



**भीलवाड़ा**/ पोरवाल रिटेल शॉप भीलवाड़ा के डायरेक्टर सुनील राठी जी का कहना है कि वर्तमान परिदृश्य में ग्राहक की पसंद उच्च कोटि की हो गई है। एथनिक वीयर अधिकतर पारंपरिक उत्सव एवं विवाह समारोह में पहनने का चलन है। आज के दौर में इस परिधान में युवा वर्ग की चॉइस भिन्न होती है। ट्रेंड को देखा जाए तो कॉटन कुर्ता पायजामा हमेशा डिमांड में रहता है। युवाओं द्वारा एंब्रॉयडरी एवं चिकन वर्क को काफी पसंद किया जाता है। शेरवानी में जेकार्ड फैब्रिक के साथ-साथ सीक्वेंस और वर्क वाला कपड़ा चलन में है। उनका कहना है कि एथनिक वीयर फैब्रिक में क्वालिटी महत्वपूर्ण स्थान रखती है। सप्लायर को विशेष रुप से ध्यान रखना चाहिए कि क्वालिटी में किसी प्रकार का समझौता ना करें।


### एथनिक वीयर के फैशन में आने से बढ़ी बिक्री -मोहम्मद शाकिर



**भोपाल**/ ''इन दिनों मेन्स फैशन इंडस्ट्री में हर तरफ एथनिक वीयर की ही चर्चा है। आजकल लोग खूबसूरत दिखने के लिए अपने वार्डरोब में अच्छे कपड़ों का संग्रह करने लगे हैं। विगत कुछ सालों में हमने यह महसूस भी किया है कि अब शादी समारोह, तीज त्यौहार या अन्य किसी खास अवसर पर अलग दिखने के लिए पुरूष अपने पहनावे को लेकर जागरूक हुए हैं। पुरूष अब कुर्ता पायजामा, शेरवानी, जैकेट्स, इंडोवेस्टर्न जैसे परिधान पहनना पसंद करने लगा है। ऐसे में एथनिक फैब्रिक्स एवं गारमेंट दोनों की सेल में वृद्धि हुई है।'' यह विचार व्यक्त करते हुए भोपाल के टेलर एवं कपड़ा व्यापारी मोहम्मद शाकिर (संस्थान-बॉस टेलर एंड क्लॉथ) ने बताया कि हम अपने स्टोर पर टेलरिंग के अलावा रेमंड, जे.हेम्पस्टेड, अरविंद, नवसारी आदि ब्राण्ड्स का कपड़ा रखते हैं। रेडीमेड गारमेंट में कोट-पेंट, शर्ट, ब्लेजर, कुर्ता पायजामा सभी तरह के परिधान हम वाजिब दरों में उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगे आने वाला दौर एथनिक वीयर का ही है, क्योंकि अब युवा वर्ग खूबसूरत एवं आकर्षक दिखने के लिए नए फैशन विकल्पों की तलाश में रहता है। इसलिए मेरा मानना है कि फॉर्मल, कैजुअल के बाद अब एथनिक वियर के रूप में नया विकल्प तैयार हुआ है जो मेन्स फैशन बाजार के लिए अच्छा संकेत है।

सदियों से है इंदौर की शान...
खास है यहाँ के पारम्परिक परिधान...

जश्न का पहनावा
THE PORWAL SHOP
संस्कारों की कारीगरी



FOLLOW US :

शेरवानी | अचकन | जोधपुरी | टक्सीडो | कोटी | कुर्ता पायजामा | पठानी

INDORE

UG-14, Trade Center, Behind Hukum Chand Tower, Kanchan Bagh, Indore, Ph.: 0731-2526511-12

13, Laxmi Market, Sitlamata Bazar, Indore Ph.: 0731-2452439 0731-2455917

15, Sneh Nagar, Sapna-Sangita Road, Indore Ph.: 0731-4005530

86, Sitlamata Bazar, Near SBI, Indore, Ph.: 0731-2455920

100, Sitla Mata Bazar, Dipayan Building, Ph.: 0731-2455918/19

Email: porwalretail@gmail.com, www.porwalretail.com

BHILWARA

8, 1st Floor, Bus Stand Road, Opp. Gambhir Dental Hospital, Near Sita Ram Ji ki Bawari, Bhilwara- 311001 (Raj.)

Email: bhilwara.porwal@gmail.com
Web.: www.porwalretail.com

## मेन्स एथनिक वीयर फैब्रिक्स में आकर्षक रेंज के लिए मशहूर

# श्री राधे सुल्ज एवं ला-पियानो

Shree Radhey SULZ — CHANGE YOUR LIFE STYLE
LA PIANO — LUXURY ITALIAN FABRIC



**भीलवाड़ा**/ मेंस फैशन इंडस्ट्री में इन दिनों एथनिक वियर के प्रति जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। शादी विवाह से लेकर हर शुभ अवसर पर भारतीय लोग अब परंपरागत परिधानों को अपने पसंदीदा पहनावे के रूप में अपनाने लगे हैं। फैशन में आए इस बदलाव को स्वीकारते हुए भीलवाड़ा स्थित सत्कार ग्रुप की अग्रणी फैंसी सूटिंग निर्माता कंपनी श्री राधे सिल्क मिल्स द्वारा मेन्स एथनिक वीयर के लिए जैकॉर्ड फैब्रिक्स में नए-नए डवलपमेंट पेश किए गए, जिसके परिणाम स्वरूप आज यह कंपनी एथनिक वियर फैब्रिक्स के उत्पादन में अच्छी पहचान बना चुकी है। फैंसी सूटिंग में बेहतरीन रेंज के लिए मशहूर श्री राधे सिल्क मिल्स के उत्पाद श्री राधे सुल्ज एवं ला-पियानो ब्राण्डनेम से देश भर में मशहूर है। कंपनी इन्हीं ब्राण्ड्स के तहत एथनिक वियर फैब्रिक्स का भी बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है। कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री जयप्रकाश सोडाणी के अनुसार कंपनी द्वारा काफी समय से एथनिक वीयर फैब्रिक्स का उत्पादन किया जा रहा है। उच्च दर्जे की फैब्रिक क्वालिटी एवं आकर्षक डिजाइनिंग कांसेप्ट पर कंपनी लगातार नए-नए डवलपमेंट कर रही है।

**जेकॉर्ड एवं वेलवेट प्रिंट में नए डिजाइंस किए पेश**

**एथनिक वीयर फैब्रिक रेंज...** श्री राधे सिल्क मिल्स अपने दोनों ही ब्राण्ड्स के तहत एथनिक वियर के लिए जैकॉर्ड में फैंसी डिजाइंस, एंब्रॉयडरी, सिफली, वेलवेट, डिजिटल प्रिंट, एंबोज, जरी आदि प्रकार के फैब्रिक्स में बेहतरीन रेंज ऑफर करती है। शानदार क्वालिटी एवं आकर्षक डिजाइनर कलेक्शन इन ब्रांड्स की सबसे बड़ी खूबी है। मेंस एथनिक वीयर जैसे शेरवानी, ब्लेजर, जैकेट, इंडो वेस्टर्न, कुर्ता पायजामा आदि परिधानों के लिए कंपनी का हाई क्वालिटी एथनिक फैब्रिक्स श्रेष्ठ विकल्प के तौर पर चुना जाता है।

**SHREE RADHEY SILK MILLS**
Regd Office: F-67, 2nd Floor, Riico Extn. Area, Biliya Pur Road, Bhilwara, Tel: 01482-260417, 260617
Email: sradheymills@yahoo.co.in

**कैटलॉग कलेक्शन...** कंपनी ने फैंसी एवं टीआर सूटिंग्स तथा एथनिक वीयर फैब्रिक्स के डिस्प्ले के लिए आकर्षक कैटलॉग भी तैयार किए हुए हैं, जिसमें कंपनी द्वारा निर्मित प्रीमियम रेंज का समावेश किया गया है। कंपनी का मानना है कि आम उपभोक्ता को एथनिक डिजाइनर फैब्रिक्स की वास्तविक छवि से अवगत कराने के लिए कैटलॉग एक अच्छा माध्यम है इसलिए हम नियमित रूप से कैटलॉग तैयार करते रहते हैं। श्री सोडाणी ने कहा कि युवाओं में ब्लेजर एवं कुर्ते पायजामे के प्रति क्रेज बढ़ता जा रहा है। ऐसे में आने वाले सालों में एथनिक फैब्रिक्स की डिमांड बढ़ना तय है इसलिए हम एथनिक वियर फैब्रिक्स में नए-नए डिजाइंस डवलप कर रहे हैं। कंपनी के पास एथनिक फैब्रिक्स 58'' एवं 44'' पन्ने में उपलब्ध है।




Ashvira®
ASHVIRA FASHIONS PVT.LTD.

UNIT NO 211, 2nd FLOOR, KEWAL INDUSTRIES ESTATE, S.B. MARG, LOWER PAREL, MUMBAI-400013

ashvira
www.ashvirafashions.com
+91 93200 76942




# इटालियन फैशन ब्लैक एण्ड व्हाइट रेंज पर फोकस

कुर्ते एवं एथनिक वीयर की जबरदस्त रेंज तैयार

## नारायण सिन्थेटिक्स



मुम्बई/ सूटिंग-शर्टिंग उत्पादन में अग्रणी नारायण सिन्थेटिक्स प्रा.लि. को इस सीजन हेतु भरपूर ऑर्डर्स मिले हैं। आगामी विंटर सीजन हेतु कम्पनी द्वारा अच्छा डवलपमेण्ट बाजार में पेश किया गया है। कम्पनी का ब्राण्ड गोल्ड हिल निरन्तर उन्नति की ओर अग्रसर है। इस विंटर एवं समर सीजन को ध्यान में रखते हुए कम्पनी द्वारा जेकार्ड, एथनिक वीयर, कॉटन, प्लेन सूटिंग, पीसी ब्लेण्ड सूटिंग तथा लाइक्रा ब्लेण्ड सूटिंग में काफी शानदार रेंज पेश की है, जिसकी डिजाइन एवं न्यू कलेक्शन व्यापारियों को काफी पसन्द आ रहा है। कम्पनी द्वारा सूट्स एवं ब्लेजर हेतु टीआर, इम्पोर्टेड टीआर सूटिंग की हेवी वैरायटियों का नया कलेक्शन भी तैयार किया गया है। इसके अलावा 58'' कुर्ता पायजामा की विशेष रेंज भी तैयार की है, जो वैवाहिक सीजन हेतु काफी चल रही है।

कम्पनी के डायरेक्टर श्री एच. एस. मलिक ने बताया कि हमारे द्वारा सभी इम्पोर्टेड फैब्रिक इन हाउस बनाए जा रहे हैं। हमारा ज्यादा फोकस जैकार्ड फैब्रिक में नये डवलपमेण्ट, इटालियन फैशन वर्ष 23/24 के ट्रेंड को ध्यान में रखकर ब्लैक एण्ड व्हाइट रेंज पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है। इंडोनेशिया के इम्पोर्टेड फैब्रिक केवल ब्लैक, सुपर ब्लैक की काफी आइटम बनाई जा रही है। टीआर सूटिंग में जेकार्ड की विस्तृत रेंज को बाजार से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

इसके अलावा सूटलेंथ इण्डोवेस्ट्र्न में केवल ब्लैक की 50 रेंज और सफारी पैकिंग की आकर्षक रेंज भी व्यापारियों को खूब पसंद आ रही है। इसमें एथनिक क्वालिटियों में जेकॉर्ड, प्रिण्टेड कुर्ते की रेंज और वैल्यू एडिशन में बूटा, प्लेन, फैन्सी डिजाइनों की रेंज बाजार में डिमाण्ड के साथ बिक रही है।

उन्होंने कहा कि हमारे गोल्ड हिल ब्राण्ड के अन्तर्गत गारमेण्टर्स के लिए भी विशेष रेंज उपलब्ध है, जो रेडीमेड क्षेत्र में काफी चल रही है। जिसमें ट्विड ब्लेजर की 200 से अधिक डिजाइन्स हमारे पास हमेशा उपलब्ध रहती है, साथ ही आगामी सीजन हेतु बनाई गई सभी क्वालिटियों की अच्छी डिस्पेचिंग चल रही है।

GOLDHILL®

# एथनिक वीयर में जबरदस्त रेंज बाजार में

## रियल सिल्क इण्डस्ट्रीज

### 6 से 8 जुलाई 2023 को दिल्ली में किया भव्य डिस्प्ले

मुम्बई/ 40 वर्षों की मेहनत का परिणाम आज कम्पनी द्वारा फैन्सी शर्टिंग के साथ एथनिक वीयर पर फोकस करते हुए रियल सिल्क इण्डस्ट्रिज ने अपने इस कलेक्शन का भव्य डिस्प्ले को दिल्ली में आयोजित FTI मेगा समिट में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला।

कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री विराट जैन एवं श्री चिंतन जैन ने बताया कि हम सदैव अपने मूल सिद्धांतों के साथ आगे बढ़ते आए हैं और हमेशा अपनी फैब्रिक रेंज पर फोकस करते हुए इस वर्ष एथनिक वीयर फोकस किया गया। साथ ही श्री जैन ने कहा कि हमारे द्वारा 36'' एवं 58'' शर्टिंग फैब्रिक का बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है, जिसमें 36'' शर्टिंग में मैजिक, चैक्स, खादी, सिल्क तथा 58'' शर्टिंग में व्हाइट एण्ड व्हाइट रेंज, कॉटन की रेंज के अंतर्गत अनेक कलर चार्ट हमारे पास हमेशा उपलब्ध रहते हैं। व्हाइट एण्ड व्हाइट शर्टिंग में डोबीज, प्लेन, वैफ्ट, पैटर्न, स्लब के काफी चार्ट तैयार होकर मार्केट में भेजे जा चुके हैं, जिसके हमारे पास काफी ऑर्डर्स आ रहे हैं। विदित रहे कि इस वर्ष कम्पनी द्वारा एथनिक वीयर पर विशेष फोकस करते हुए कुछ डवलपमेण्ट किए जिन्हें हाथोंहाथ जबरदस्त रिस्पॉन्स मिलना शुरू हो गया है।





#### FTI मेगा समिट में किया भव्य डिस्प्ले

श्री जैन ने कहा कि इस बार हमारे पास शर्टिंग फैब्रिक की काफी अच्छी डिमांड देखी गई क्योंकि इस वैवाहिक सीजन को लेकर हमारे पास काफी डवलपमेंट था, जो व्यापारियों को बहुत पसंद आया। अब हमारे द्वारा आगामी सीजन की तैयारियां की गई, जिसका भव्य डिस्प्ले 6 से 8 जुलाई 2023 को देश की राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान पर आयोजित FTI मेगा समिट में किया गया। यहां हमारे द्वारा 36'' व 58'' शर्टिंग की पूरी रेंज के साथ साथ व्हाइट एण्ड व्हाइट तथा खादी फैब्रिक की क्वालिटियों के सैंपल के अलग-अलग कलर चार्ट तथा डिजाइनों में उपलब्ध थे। साथ ही एथनिक वीयर की क्वालिटियां जैकार्ड, एम्ब्रॉयडरी, प्लेन, चैक्स का डिस्प्ले किया गया। जिसे देखकर व्यापारी मंत्रमुग्ध हो गये। सभी क्वालिटियों में विस्तृत रेंज उपलब्ध थी।




**आगामी सीजन की विशेष तैयारियां:** श्री जैन ने बताया की कम्पनी ने अपनी रेगुलर क्वालिटियों के साथ-साथ रमजान एवं आगामी सीजन की विशेष तैयारियां की है, जिसमें 58 ''कॉटन शर्टिंग जैकार्ड की रेंज, व्हाइट की रेंज में अनेक क्वालिटियां बनाई जा रही है। इन क्वालिटियों में अनेक कलर चार्ट बनाए हैं, जो व्यापारियों को खूब पसन्द आ रहे हैं।